तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 धान खरीदी को लेकर सरकार गंभीर नहीं: आशीष छाबड़ा



11 जल्द नन्हे पर्यटकों से गुलजार होगा मैत्रीबाग...



## खबर संक्षेप

### फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 78 को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 16-17 की रात कॉम्बिंग गश्त चलाकर 35 स्थायी व 43 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें सुपेला में 21, भिलाई नगर 2, भिलाई भट्ठी 2, दुर्ग, अंजोरा, नगपुरा, स्मृतिनगर, वैशाली नगर, छावनी, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई, पाटन, अण्डा से 1-1 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। इसके अलावा छावनी 7, जामुल 5, रानीतराई 4, भिलाई नगर 3, नेवई 3, वैशाली नगर 3, पद्मनाभपुर 2, सुपेला 2, खुर्सीपार 2, उत्तई 2, धमथा 2, पुलगांव, भिलाई भट्ठी, पुरानी भिलाई, अमलेश्वर, जामगांव (आर) लिटिया, नंदिनी नगर से 1-1 वारंटी को पकड़ा गया है।

### दुकान से 40 हजार की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** ऑटो दुकान में चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसका सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक पुरानी बस स्टैंड स्थित मध्यानी ऑटो स्टोर्स में 15 नवंबर की रात चोरी की वारदात हुई। चोर ने पीछे दीवार पर लगे कूलर के सहारे दुकान पर चढ़ा था। दुकान से नकद मोबाइल समेत 40 हजार पार कर दिया। बताया जा रहा है चोर ने दुकान में घुसते ही दुकान के सभी सीसीटीवी कैमरों की केबल काट दिया था लेकिन एक कैमरे का तार नहीं कट पाया। जिससे घटना सारा रिकॉर्ड हो गया। दुकान संचालक मोहित मध्यानी ने बताया कि 15 नवंबर की रात दुकान बंद की थी। 16 नवम्बर सुबह दुकान खोलने पर काउंटर खुला पड़ा मिला। काउंटर से नगद 35 हजार रुपए और 5 हजार रुपए का सैमसंग मॉडल मोबाइल गायब था।

### खंडहर की सीढ़ियों में मिली नवजात

**भिलाई।** एक खंडहर में नवजात कांपती हुई बच्ची मिली है। घटना गोकुलधाम के अयोध्या नगर जामुल की है। मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची की रोने की आवाज आने पर सड़क किनारे कंबल में लिपटी नवजात बच्ची खंडहर में पड़ी थी। जिसकी सूचना लोगों ने डायल 112 को दी। जामुल पुलिस मौके पर सुबह करीब 7 बजे पहुंच गई। नवजात को दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक बच्ची को दो दिन से अधिक की है। बच्चीं का मेडिकल जांच भी कराया जा रहा है। बस्ती के लोगों ने बताया कि सुबह-सुबह सन्नाटा रहता है, इसी दौरान अचानक रोने की तेज आवाज सुनाई दी। तो लगा कि किसी घर से बच्चे के रोने की आवाज आ रही है। आवाज लगातार आने पर लोग मौके पर पहुंचे।

# परीक्षा केंद्र निरस्त होने पर अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश

## व्यापमं के फैसले के खिलाफ प्रशिक्षित संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

आगामी सीजी टीईटी 2026 परीक्षा में जिले में एक भी परीक्षा केंद्र निर्धारित नहीं किए जाने के निर्णय के खिलाफ अभ्यर्थियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डी.एड-बी.एड संघ के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में डीएड-बीएड अभ्यर्थियों ने प्रदेश संयोजक श्रवण साहू के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्टर बेमेतरा को परीक्षा नियंत्रक, व्यापमं के नाम ज्ञापन सौंपा।

अभ्यर्थियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हर बार टीईटी परीक्षा में बेमेतरा जिले में परीक्षा केंद्र बनाए जाते थे, जिससे हजारों स्थानीय परीक्षार्थियों को सुविधा मिलती रही है। परंतु इस बार व्यापमं द्वारा अचानक जिले का नाम परीक्षा केंद्र सूची से हटा दिया गया है, जिसके कारण अभ्यर्थियों को पड़ोसी जिलों—रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, बिलासपुर आदि में जाना पड़ेगा।

यह बदलाव न केवल अभ्यर्थियों के लिए आर्थिक रूप से भारी होगा, बल्कि परिवहन, भीड़-भाड़ और सुरक्षा से जुड़ी अतिरिक्त कठिनाइयाँ भी बढ़ाएगा। संघ की मांग हैं कि जिला बेमेतरा में तत्काल परीक्षा केंद्र पुनः बहाल किया जाए,जिले के परीक्षार्थियों को अनावश्यक रूप से दूर जिलों में न भेजा जाए और भविष्य में इस तरह की असुविधा न हो, इसके लिए स्थायी ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जिले में पुनः परीक्षा केंद्र स्थापित करने की मांग

संघ ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर बेमेतरा जिले में परीक्षा केंद्र पुनः स्थापित करने की मांग की है। अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई है कि व्यापमं उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेगा। ज्ञापन सौंपने अजय पात्रे, ओमनारायण, भुपेंद्र साहू, डाकवर साहू, अजय साहू, भीखम साहू, सहित संघ के सदस्य उपस्थित रहे।



### बढ़ी अभ्यर्थियों की परेशानी

व्यापमं द्वारा बेमेतरा जैसे बड़े जिले का नाम परीक्षा केंद्र सूची से हटाया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और असंगत निर्णय है। जिले में हजारों प्रशिक्षित डीएड-बीएड अभ्यर्थी हैं, जो हर वर्ष यही परीक्षा देते आए हैं। अचानक बदलाव से अभ्यर्थियों की परेशानी बढ़ गई है।

- श्रवण साहू, प्रदेश संयोजक, छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ

## निर्देश : पारदर्शिता, जवाबदेही और सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित करें

# संभागायुक्त ने धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

दुर्ग संभागायुक्त सत्य नारायण राठौर ने सोमवार जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान धान खरीदी व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखने कठिया धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पहुंचकर खरीदी प्रक्रिया, टोकन वितरण, तौल व्यवस्था, भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी पहलुओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। संभागायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य जवाबदेही, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संचालित होना चाहिए। उन्होंने समिति प्रबंधक तथा धान खरीदी से जुड़े अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या किसानों को परेशान करने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए खरीदी केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, तिरपाल, तौल मशीन, बारदाना, सुरक्षा और साफ-सफाई जैसी सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध रहें।

संभागायुक्त ने जोर देकर कहा कि धान विक्रय करने आए किसानों को कतार में अनावश्यक समय तक इंतजार न करना पड़े। टोकन व्यवस्थापन सुव्यवस्थित रहे और जितने किसानों से एक दिन में खरीदी संभव हो, उतने ही टोकन जारी किए जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि टोकन की तिथि में ही किसान का धान खरीदा जाए तथा कोई भी किसान बिना धान बेचे वापस न लौटे। केंद्र के समिति प्रबंधक ने जानकारी दी कि इस केंद्र में कुल छह ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है, जहां प्रत्येक पंचायत के लिए अलग-अलग दिन तय कर खरीदी की जा रही है ताकि भीड़ नियंत्रित रहे और किसानों को सहज सेवा मिल सके।



### प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने राजस्व अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार सघन दौरा करने तथा खरीदी की पूरी प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली व्यवस्था है, इसलिए किसी प्रकार की गड़बड़ी, मनमानी या अवरोध को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती दीप्ति वर्मा सहित कृषि, खाद्य, मार्कफेड तथा समिति से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने सभी को यह संदेश दिया कि किसान राज्य की रीढ़ हैं और उनकी उपज का सम्मानपूर्वक एवं पारदर्शी तरीके से समर्थन मूल्य पर खरीदी होना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की प्रगति पर ईसीआई की कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रेविशन – एसआई आर 2026) को और गति प्रदान की गई है। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे इस गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, नए मतदाताओं का पंजीयन, सूची सुधार कार्य और विभिन्न निर्वाचकीय गतिविधियाँ लगातार आयोजित की जा रही हैं।

- **आयोग ने फोटो–वीडियो अपलोड को किया अनिवार्य जिलों को दिए कड़े निर्देश**

निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि आयोग ने एसआईआर 2026 से जुड़ी सभी गतिविधियों का दैनिक रिकॉर्ड ▶▶ शेष पेज 11 पर

### युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी

निर्वाचन विभाग ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रदेश में पूर्णतः सुचारू रूप से चल रहा है। जागरूकता कार्यक्रमों में युवाओं, कॉलेज छात्रों, महिलाओं तथा प्रथम बार वोट करने वाले नए मतदाताओं की उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज की जा रही है। जिले अब घर–घर सत्यापन के साथ–साथ हाई स्कूल और कॉलेज परिसरों में विशेष अभियान चला रहे हैं, जिससे पात्र युवा बड़ी संख्या में पंजीकृत हो रहे हैं।

### समयसीमा में दैनिक अपडेट अनिवार्य

राज्य निर्वाचन कार्यालय ने पुनः स्पष्ट किया है कि सभी जिलों को अपने-अपने क्षेत्रों के सभी कार्यक्रमों, कैंपों और गतिविधियों की दैनिक रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा में अपलोड करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगामी चुनावों के लिए त्रुटिरहित, अद्यतन और सटीक मतदाता सूची तैयार करने का महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । राज्य स्तर पर उम्मीद जताई गई है कि जिलों की सक्रिय भागीदारी, सतत मॉनिटरिंग और समय पर रिपोर्टिंग के चलते स्पेशल इंटेंसिव रेविशन – 2026 अभियान को प्रदेशभर में सफलता मिलेगी। आयोग को भरोसा है कि इस प्रक्रिया से भविष्य के चुनावों के लिए एक शुद्ध, व्यवस्थित और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार की जा सकेगी।

# धान खरीदी सर्वोच्च प्राथमिकता, किसी भी लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला कार्यालय स्थित दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर रणवीर शर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं, विभागीय कार्यों की प्रगति, धान खरीदी की वर्तमान स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर, खनिज नियंत्रण तथा प्रमुख केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैठक की शुरुआत में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौंपी गई जिम्मेदारियों का पालन गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि पदेन दायित्वों के निर्वहन में किसी भी स्तर पर शिथिलता, उदासीनता या लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में जिले में संचालित धान खरीदी की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन स्तर से किसानों से शत-प्रतिशत धान खरीदी राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों, समिति प्रबंधकों और संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी ▶▶ शेष पेज 11 पर



### अवैध रेत व मुरूम उत्खनन पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले में अवैध रेत एवं मुरूम उत्खनन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई करें। उत्खनन में उपयोग हो रहे मशीन, वाहन व उपकरणों को तत्काल जब्त करें। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और राज्य के राजस्व की हानि रोकने के लिए सख्त कार्रवाई आवश्यक है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य बिजली घर योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और विद्युत विभाग द्वारा प्रदर्शित उदासीनता पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विभाग आगामी एक माह में निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करे। विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर अत्यंत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नवागढ़ में गठित सर्वदलीय मंच ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नवागढ़ का राजनीतिक और सामाजिक वातावरण इन दिनों उथल–पुथल में है। सरपंच संघ और क्षेत्र के पत्रकार समाज के बीच उपजा विवाद अचानक पूरे क्षेत्र की बहस का मुख्य विषय बन गया है। आश्चर्य की बात यह है कि दोनों ही वर्ग लोकतंत्र की मजबूत रीढ़ माने जाते हैं—एक स्थानीय शासन का आधार, दूसरा जनमत का प्रहरी। ऐसे दो स्तंभों का आमने–सामने खड़ा होना स्वाभाविक नहीं, और इसी अस्वाभाविकता ने पूरे प्रकरण को और रहस्यमय बना दिया है। इसी गंभीरता को देखते हुए नवागढ़ विधानसभा सर्वदलीय मंच ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बेमेतरा को ▶▶ शेष पेज 11 पर



### सच्चाई उजागर करों दोषियों को सामने लाओ

सर्वदलीय मंच ने ज्ञापन में तीन प्रमुख बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग रखी- निष्पक्ष और गहन जांच, पूरे विवाद को शुरू करने में किन तत्वों की भूमिका रही, किसने गलत जानकारी फैलाई, और इसका उद्देश्य क्या था—इसकी स्वतंत्र जांच कराई जाए। गलत सूचना फैलाने वाले तत्वों पर कठोर कार्रवाई हो। मंच का कहना है कि अगर ऐसे तत्वों पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में अविश्वास का माहौल और गहरा सकता है। दोनों वर्गों के बीच गलतफहमियाँ दूर कर संवाद प्रक्रिया तुरंत बहाल की जाए, ताकि नवागढ़ में सामान्य और सौहार्दपूर्ण वातावरण लौट सके। मंच ने कहा कि विवाद का लाभ किसे मिल रहा थी। यह तभी सामने आएगा जब जांच निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ेगी।

## शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए 13 आवेदन

# कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मंगलवार कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जन चौपाल में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 13 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।



इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम कंदई निवासी धनेश्वरी पटेल ने अवैध कब्जा ग्रामीणो के द्वारा किया गया है जिसे तत्काल हटाये जाने के संबंध मे आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के ग्राम कटई निवासी सुनीता जांगडे ने प्रधानमंत्री आवास प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा नयापारा निवासी शबनम परवीन ने अपने पति के मृत्यु पश्चात ससुराल वाले घर छोड़कर मायका जाने हेतु दबाव बनाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के ग्राम भोपसरा निवासी सोनकालिया बाई ने आवास के मजदुरी प्राप्ति के संबंध में आवेदन दिया, तहसील थान खम्हरिया निवासी लोकेश सिन्हा ने सरकारी शराब दुकान के समीप अवैध रूप से संचालित चखना सेंटर एवं ढ़ाबो में शराब परोसने की रोकथाम करने के संबंध मे आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### सुरक्षित लड़कापन 3.0 पर कार्यशाला का आयोजन

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त रुप से सुरक्षित पारा-सुरक्षित लड़कापन 3.0 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई के सभागार में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, डॉ. नीता बाजपेयी, राज्य एनएसएस अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अभिषेक त्रिपाठी, विशेषज्ञ, यूनिसेफ ने सुरक्षित पारा अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बच्चों एवं किशोरों की सुरक्षा, लैंगिक समानता और सामुदायिक सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों को यूनिसेफ के विभिन्न अभियानों से भी परिचित कराया।
विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में सदैव अग्रसर है तथा इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, प्राध्यापकों तथा आमंत्रित अतिथियों ने भाग लिया। मंच संचालन डॉ. ज्योति धारकर, प्राध्यापक, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग ने किया।

### कन्या महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. विजय वासनिक, सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य (स्वीप प्रभारी), डॉ. मंजूलता साव सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य, कैम्पस एम्बेंसेडर चंचल यादव, ट्विंकल साहू तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ. विजय वासनिक ने एसआईआर मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत परिगणना फार्म भरने तथा उद्देश्यों की जानकारी प्रदान करते हुए आवश्यक दस्तावेजों तथा मतदाताओं के पंजीकरण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. मंजूलता साव ने उपस्थित छात्राओं को मतदाता परिचय पत्र बनाने तथा एसआईआर की प्रक्रिया में लगे बीएलओ को सहयोग प्रदान करने की अपील की। कैम्पस एम्बेसेंडर चंचल यादव ने सभी छात्राओं को मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक जागरूक मतदाता बनने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विजय वासनिक, स्वीप प्रभारी ने सभी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

# नालियों में कचरा जाम, मेयर और आयुक्त ने पकड़ी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मेयर अलका बाघमार एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सोमवार की सुबह वार्ड60 का निरीक्षण करते हुए सफाई एवं नाली व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार,अरुण सिंह, निखिल खिचड़िया,सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता पंकज साहू, बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, ईश्वर वर्मा,करण करोसिया, प्रकाश अहीर, गौतम साहू एवं अतिक्रमण टीम मौजूद रही। मेयर ने वार्ड क्षेत्र में नालियों में जमी गंदगी और कचरा देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही सफाई गैंग बुलवाकर तुरंत सफाई शुरू करवाने निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा नालियों और सड़कों की नियमित सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मेयर एवं कमिश्नर नेपाली बस्ती, साईं नगर और पुष्पक नगर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर नाली जाम, मरम्मत और जल निकासी से जुड़ी समस्याएं सुनीं।

## नेपाली बस्ती में नागरिकों से सीधा संवाद, समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

### नागरिकों की सुविधा, निगम की प्राथमिकता

मेयर अलका बाघमार ने कहा नागरिकों की सुविधा निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिकायतों का निवारण तुरंत किया जाए।अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के हल के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में मेयर एवं कमिश्नर ने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और जनसुविधाएं बढ़ाने पर निगम लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण की स्थिति देखने पर मेयर व कमिश्नर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कातुलबोर्ड रोड किनारे पड़े बिल्डिंग मलबे को हटाने का निर्देश।जुनवानी रोड, पुष्पक नगर दुकान के सामने नाली के पास लगे लोहे के साइन बोर्ड फ्रेम को कटर से काटकर जब्त करने आदेश।



### धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर के आसपास लंबे समय से फैला है कचरा

इधर धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर के आसपास पिछले सालभर से कचरा फैला रहता है। डोरटूडोर कचरा उठाने वाले सड़क पर ही कचरा छांटने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा गीला कचरा का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। इस वजह से सर्विस लेन से आवाजाही में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं एसएलआरएम सेंटर के पास ही दुर्ग रोडवेज का वर्कशॉप है, जहां नियमित रूप से सड़क पर बसों को धोया जा रहा है। इस वजह से हर समय सड़क पर पानी जमा रहता है। लगातार शिकायत के बाद भी अब तक निगम ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। युवा कांग्रेस ने भी इसे लेकर शिकायत की, लेकिन नतीजा सिफर रहा।

**अवहेलना : सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का आदेश दरकिनार**

# एक माह तक लगातार सड़क पर खड़े आवारा मवेशियों पर कार्रवाई करने के निर्देश, जमीनी हकीकत शून्य

## नगरीय निकाय के संचालक ने 11 नवंबर को दिए निर्देश, उसे भी नहीं मान रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आवारा मवेशी पिछले कई सालों से हाईवे और मुख्य सड़क पर हादसों का सबब बने हुए हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट और शासन द्वारा स्थानीय प्रशासन और निकायों को आदेश और निर्देश जारी किए जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इसके पालन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में आवारा मवेशियों से बढ़ रहे हादसों पर 11 नवंबर को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दरअसल हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करने को कहा था। साथ ही मुख्य सचिव से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था। इसके तुरंत बाद उसी दिन संचालक नगरीय निकाय ने सभी आयुक्तों और पालिका, नगर पंचायत के सीएमओ को निर्देश दिए कि अगले 1 महीने तक 24 घंटे अभियान चलाकर मवेशियों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन इसका असर अब तक देखने को नहीं मिला है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले कुछ समय से लगातार इस विषय को लेकर शासन-प्रशासन को आदेश जारी कर रहा है, लेकिन जगहों पर महज आदेशों को आगे बढ़ाकर खानापूर्ति की जा रही है। जमीन पर अब तक इसका असर देखने को नहीं मिला है, जिसकी वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया आदेश

- राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे और शहर की सड़कों से पशुओं को हटाना अनिवार्य, छत्तीसगढ़ शासन इसे सुनिश्चित कराए।
- संयुक्त अभियान चलाकर पशुओं को गौशालाओं और कैटल पाउंड में भेजा जाए, प्रतिवेदन कोर्ट को उपलब्ध कराया जाए।
- सुबह से लेकर रात भर हाईवे पेट्रोलिंग टीम बनाकर मॉनिटरिंग की जाए, सड़क से मवेशी हटाए जाएं।
- हर हाईवे पर स्थायी हेल्पलाइन नंबर लगाए जाएं।
- आदेशों के पालन में लापरवाही पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे।
- 8 हफ्तों में सुप्रीम कोर्ट में पालन पर रिपोर्ट देनी होगी।

### जनहित की याचिकाओं का भी असर नहीं हो रहा प्रशासन पर

जानकारी के मुताबिक सड़क पर आवारा मवेशी से हो रही दुर्घटनाओं के खिलाफ हाईकोर्ट में अब तक कई जनहित याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। अब तक की सुनवाई में हाईकोर्ट ने 10 निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके पालन में प्रशासन ने कुछ दिन कार्रवाई की और फिर भूल गया। कोर्ट के आदेश के पालन में प्रशासनिक कार्रवाई का आलम यह है कि हर सड़क पर मवेशी को भटकने के लिए छोड़ा जा रहा है। सड़कों पर मवेशी मिल रहे हैं। जबकि हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए 27 फरवरी 2020 को मवेशियों पर नियंत्रण के लिए आमजन से सुझाव मंगाया है। साथ ही राज्य शासन को दो सप्ताह में अखबार में सड़क से मवेशी को उठाया जाएगा। पकड़े गए मवेशियों को छुड़ाने पर जुर्माना लिया जाएगा प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसका पालन भी अब तक नहीं हुआ है। कोर्ट ने राज्य के सभी नगर निगमों, पालिकाओं और नगर पंचायतों को पक्षकार बनाकर जवाब मांगा था। न तो मवेशी के सींग में कलर, गले में पट्टा और कान में टैगिंग की गई । न ही गायों का रजिस्ट्रेशन हुआ। 2015 से लेकर अब तक 15 से ज्यादा आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन असर अब तक देखने को नहीं मिला है।





### लावारिस पशुओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने शुरू की गौधाम योजना

निराश्रित, घुमंतु तथा कृषिक पशुओं के संरक्षण को लेकर छत्तीसगढ़ शासन ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गौधाम योजना की शुरुआत की है। यह योजना निराश्रित, घुमंतु तथा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित) तथा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के अंतर्गत संचालित की जा रही है। निराश्रित, घुमंतु गौवंश तथा जब्त गौवशीय पशुओं का संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षित विस्थापन सुनिश्चित करना है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के अनुसार इस योजना के अंतर्गत गौधाम की स्थापना के लिए ऐसी शासकीय भूमि को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, पर्याप्त पानी, बिजली तथा हरे चारे के उत्पादन के लिए चारागाह भूमि उपलब्ध हो। प्रथम चरण में प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास स्थित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। चिन्हांकित भूमि के निकट यदि कोई पंजीकृत गौशाला समिति संचालन हेतु सहमति देती है, तो आयोग की क्रियान्वयन समिति द्वारा ऐसे प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### जानिए, क्या कुछ कहा था हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने

हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने चिंता जाहिर करते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का कड़ाई से पालन करने के आदेश दिए। इस मामले की सुनवाई के दौरान पिछले आदेश के पालन में मुख्य सचिव ने 10 नवंबर को अपना व्यक्तिगत शपथ पत्र प्रस्तुत किया। इसमें बताया कि 24 और 25 अक्टूबर को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़कों से आवारा पशु हटाने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। सभी शहरी क्षेत्रों में कांजी हाउस सक्रिय किए जा रहे हैं। खराब हो चुके कांजी हाउस की मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत के लिए दो टोल-फ्री नंबर जारी किए गए हैं। शहरी क्षेत्रों के लिए 1100 और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए 1033 टोल फ्री नंबर है। इन नंबरों पर मिली शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पशुओं को कांजी हाउस या गौशाला भेजा जाएगा। कलेक्टर और संभागीय आयुक्त हर हफ्ते समीक्षा करेंगे। हादसा रोकने में लापरवाही पाए जाने पर टोल ठेकेदार जिम्मेदार होगा। सभी टोल प्लाजा के एग्रीमेंट में यह शर्त जोड़ी जाएगी कि सड़कों को पशुओं से मुक्त रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला।

## जनजातीय समाज के इतिहास को नृत्य के जरिए किया प्रदर्शित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, में जनजातीय गौरव माह के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, उनके सामाजिक योगदान तथा आध्यात्मिक परंपराओं के विविध आयामों पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने जनजातीय समाज को भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा बताते हुए कहा कि उनके सामाजिक मूल्य, परंपराएँ और त्याग की परंपरा देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता रामनाथ कश्यप, प्रांत संगठन मंत्री, वनवासी विकास समिति, रायपुर ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक संघर्षों, सांस्कृतिक समृद्धि तथा आध्यात्मिक योगदान पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय ने अपनी परंपराओं को संरक्षित रखते हुए राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय भूमिका निभाई है। विशिष्ट अतिथि राजीव शर्मा, सहसचिव, वनवासी विकास समिति, रायपुर, दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक दिग्विजय कुमार, सहायक कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने आयोजन के संचालन के लिए सभी विभागों, समिति सदस्यों और तकनीकी टीम को धन्यवाद दिया।



## सहायक अभियंता का पदोन्नति कोटा 70 फीसदी करने की मांग को लेकर 18 की हड़ताल स्थगित

**भिलाई।** छग स्टेट पॉवर कंपनी के डिस्ट्रीब्यूशन, जनरेशन एवं ट्रॉसमिशन में कनिष्ठ अभियंता से सहायक अभियंता के पदोन्नति में 70% कोटा किए जाने की मांग को लेकर पत्रोपाधि अभियंता संघ का प्रतिनिधि मंडल उच्च अधिकारियों से मिला। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने अपनी लंबित मांगों को दोहराया। उन्होंने अवगत कराया कि 2 सितंबर को गेट मीटिंग के बाद प्रस्तुत ज्ञापन एवं पूर्व में पॉवर कंपनी के जनरेशन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रॉसमिशन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में जिन बिन्दुओं पर चर्चा हुई थी, उन पर प्रबंधन द्वारा कोई भी सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। इसके कारण संघ द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी में है। 18 नवंबर को एक दिवसीय सत्याग्रह और 25 से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था। इसे स्थगित कर दिया गया है। पूर्व में द्विपक्षीय वार्ता हुआ जिसमें संघ द्वारा जनरेशन एवं वितरण कंपनी में कनिष्ठ अभियंता से सहायक अभियंता के पदोन्नति कोटा को 70% बहाल करने एवं ट्रॉसमिशन कंपनी में सहा. अभियंता का पदोन्नति कोटा 20 से 70% करने व जनरेशन, वितरण एवं ट्रॉसमिशन कंपनी के कनिष्ठ अभियंता के रूके हुए पदोन्नति को शीघ्र जारी करने एवं अन्य विभिन्न मांगों को पूर्ण करने प्रबंधन के समक्ष रखा था। सोमवार को सहायक श्रम आयुक्त की मध्यस्थता में प्रबंधन के अधिकारियों एवं संघ के पदाधिकारीयों के बीच बैठक में चर्चा की गई। संघ द्वारा प्रस्तावित आंदोलन को आगामी निर्णय तक स्थगित कर दिया गया है।

- छग विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ का प्रतिनिधि मंडल उच्च अधिकारियों से मिला



## धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी संचालन के लिए 87 समितियों के अंतर्गत 102 धान उर्पाजन केन्द्रों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेशानुसार नोडल अधिकारी उपार्जन केन्द्रों में नियमित रूप में भ्रमण कर चेक लिस्ट में दिये गए निर्देशानुसार जांच करेंगे। उपार्जन केन्द्रों में खाली बारदानों (नये-पुराने) की आपूर्ति एवं प्रदाय, धान के भरे हुए बोरों की स्टेकिंग आदि का मिलान करते हुए प्रत्येक शनिवार को दिये गये एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन करेंगे तथा अनियमितता पाये जाने पर जिला खाद्य कार्यालय को अवगत कराया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी अपने अनुभाग मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनाकर रोटेशन अनुसार नामवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगायेंगे।

## छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवक-युवती कर्नाटक के लिए हुए रवाना

**भिलाई।** सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित 17 वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जिला कांकेर छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से चयनित 20 आदिवासी युवक एवं युवतियों का नौवां जत्था रायपुर रेलवे स्टेशन से बैंगलोर कर्नाटक के लिए रवाना किया गया। ये प्रतिभागी बैंगलोर कर्नाटक में भारत के विभिन्न राज्यों से आए अन्य आदिवासी युवाओं के साथ मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप का अवसर मिलेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं वेषभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में अन्य राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जायेगी। साथ ही बैंगलोर कर्नाटक के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।यह 17वाँ




आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 'युवा मामले और खेल मंत्रालय' तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 7 दिन है। कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 25 भ्रमण कार्यक्रमों के अंतर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 650 चयनित युवा भाग ले रहे है। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में उच्च अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, आदि के बारे में जानना शामिल है।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम सूरत गुजरात में हुई प्रतियोगिता**

# कुडो नेशनल एवं इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 134 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम सूरत गुजरात में आयोजित सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में 17वीं अभिनेता अक्षय कुमार कुडो इंटरनेशनल टूर्नामेंट 16 वीं कुडो नेशनल टूर्नामेंट एवं 6वीं फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए तीनों टूर्नामेंट में 44 स्वर्ण 35 रजत और 55 कांस्य पदक जीत कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ जिले का नाम रौशन किया। टूर्नामेंट में 106 प्लेयर और 5 कोच मैनेजर कुल 111 सदस्यों ने हिस्सा लिया था जिसमें 87 खिलाड़ी दुर्ग जिले से है

- दुर्ग जिले से 87 खिलाड़ियों ने लिया भाग



राज्य कुडो संघ के अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि 2022 में 57 पदक 2023 में 42 पदक 2024 में 122 पदक और सबसे ज्यादा पदक 2025 में 134 पदक जीतकर अब तक कुल 355 मेडल नेशनल इंटरनेशनल में रिकॉर्ड मेडल जीत कर छत्तीसगढ़ के कुडो खिलाड़ियों ने राज्य को गौरवान्वित कर रहें हैं। जिसमें भूपत साहू और मनीष कुमार साहू का चयन कस्टम डिपार्टमेंट कोलकाता कुडो स्पोर्ट्स कोटा से हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कुडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की चेयर वूमेन अनुराधा सिंह संरक्षक आशीष सुराना जी सुरेंद्र सिंह चंदेल एवं जिला कुडो संघ दुर्ग की सचिव लीलिमा सोनी ने शुभकामनाएं दिए।

### पदक विजेताओं में

लीलिमा सोनी 2 स्वर्ण 1 कांस्य, भूपत साहू 2 स्वर्ण 1 रजत, अग्रिमा जाधव 3 स्वर्ण, मौलिक सिंह 3 स्वर्ण, खिलेशवरी साहू 3 स्वर्ण, दामिनी साहू 2 स्वर्ण 1 रजत, चेश्वरी साहू 3 स्वर्ण, फलक साहू 2 स्वर्ण, प्रकृति गुप्ता 1 स्वर्ण 2 रजत, गगन सहगल 3 स्वर्ण, गीतेशवरी साहू 2 स्वर्ण 1 रजत, रघुनाथ नेताम 2 स्वर्ण अरमान चक्रधारी 1 स्वर्ण, नब्या राजपूत 2स्वर्ण 1 रजत, विहान साहू 1 स्वर्ण 1 कांस्य, रुद्राक्ष हियानिया 1 स्वर्ण 2 रजत, शानवी चतुर्वेदी 1 स्वर्ण 1 रजत, प्रांजल यादव 1,स्वर्ण, होशिका साहू 2 स्वर्ण 1 रजत, आउंन अब्बास रिजवी 1 स्वर्ण 1 रजत, ईशान सेन 1 स्वर्ण 1 कांस्य, हर्षित सिन्हा 2 स्वर्ण 1 कांस्य हीना ठाकुर 1 स्वर्ण 2 कांस्य, अलंकृत चंद्राकर 1 स्वर्ण 1 रजत, 1 कांस्य, अभिमन्यु साहू 1 रजत, वैभव देशमुख 1 रजत तोयेस राउते 1 रजत हार्दिक राजपूत 1 रजत सहित अन्य खिलाड़ियों ने पदक जीते।

## जनजातीय वीरांगनाएं विषय पर भाषण में आर्या और रचना रहीं प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि जनजातीय समाज अपनी परम्पराओं, विशिष्ठ संस्कृति, श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के साथ भारतीय सभ्यता का अभिन्न हिस्सा है। जब-जब देश की सुरक्षा पर संकट आया तब-तब जनजातीय समाज ने अपने शौर्य और बलिदान से राष्ट्र की रक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि जनजातीय नायकों एवं वीरांगनाओं का स्वर्णिम योगदान हमारी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा व गौरव का प्रतीक है। वर्तमान समय में भी जनजातीय समाज की द्रौपदी मुर्मु महामहिम राष्ट्रपति के पद पर सुशोभित हैं।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान विषय पर अंजनी प्रथम, नीतू कुंभकार द्वितीय एवं लिकेश्वरी तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में भारत की जनजातीय वीरांगनाएं विषय पर आर्या अवस्थी, रचना साहू प्रथम, अरिज नाज द्वितीय एवं नौशया नाज तृतीय स्थान पर रहीं।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सुरक्षा और ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ऑपरेशन सुरक्षा की प्राथमिकताओं को लेकर की गई। इसके अलावा जिलेभर में 575 कार्रवाई कर 82,550 रुपए वसूली की गई। बिना हेलमेट 85, सीट बेल्ट 25, रैश ड्राइविंग 15, नो पार्किंग 22 प्रकरण समेत अन्य शामिल है। ड्रिंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई को ऑपरेशन सुरक्षा के तहत संचालित विशेष चेकिंग में 22 चालकों को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़ा। वाहनों को जप्त कर न्यायालय में पेश किया गया। सुरक्षित सड़क वातावरण बनाए रखने और गंभीर हादसों को रोकने के लिए ज़ीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है। ऑपरेशन सुरक्षा के तहत ट्रैफिक पुलिस के पॉइंट-ड्यूटी जवानों को शाम को सूचना मिली थी। बसंत टॉकीज के पास दो युवक सड़क हादसे में घायल हो गए है। ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हन से दोनों घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुँचाया। जहाँ उपचार जारी है।

### चालक और ट्रेडमेन के अभ्यर्थियों का हुआ टेस्ट

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल, आरक्षक (भर्ती एवं सेवा की शर्ते) नियम 2007 के नियम 12(1) के अनुरूप जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग प्रक्रिया वर्ष 2023-24 में आरक्षक चालक, आरक्षक ट्रेडमेन के अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट आयोजित दुर्ग में था। पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के अभ्यर्थी आरक्षक ट्रेडमेन (चालक, टेंट खलासी, डीआर, कुक, स्वीपर, धोबी, नाई) के पदो के लिए आवेदन किया और लिखित परीक्षा मे शामिल हुए। वे अभ्यर्थी तिथि अनुसार रक्षित केन्द्र दुर्ग ट्रेड टेस्ट में शामिल होंगे।

### एसएसपी ने वीडियो जारी कर किसानों से ठगी से बचने की अपील

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने वीडियो जारी कर किसानों को ठगी से बचने की अपील किया है। धान खरीदी केंद्रों में पोस्टर लगाकर किसानों में जागरूकता पैलाई जा रही है।



धान खरीदी सीजन में किसानों की आर्थिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दुर्ग पुलिस व्यापक अभियान चला रही है। धान खरीदी शुरु हो गया है और इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खातों में पूरे साल की मेहनत का पैसा आता है। उठाई गिरोह और साइबर अपराधी सबसे अधिक सक्रिय हो जाते हैं। पुलिस सभी किसानों से अपील करती है कि पैसे की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें, अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें। पहली बार इस तरह का अभियान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। अभियान से किसानों को ठगी से बचने में मदद मिल पाएगी।

# जल्द नन्हे पर्यटकों से गुलजार होगा मैत्रीबाग, अगले महीने न्यू ईयर सेलिब्रेशन

## माहांत में स्कूली बच्चों की पिकनिक टीम की आने का होगा सिलसिला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मैत्रीबाग में आने वाले दो महीने गहमागहमी के साथ रौनक से भरपूर होंगे। इस दौरान यहां हजारों लोग जुटेंगे। खासकर नन्हें सैलानियों की धूम होगी। इसे देखते हुए उद्यानिकी विभाग ने व्यापक तैयारी शुरु कर दी है।

उल्लेखनीय है कि ठंडी के मौसम में मैत्रीबाग में सर्वाधिक पर्यटक आते हैं। बरसात और गर्मी में विपरीत मौसम के चलते रौनक कम होती है। सर्दियों में रौनक की वजह चिड़ियाघर के जानवरों व पक्षियों उल्लासित होने और मौसमी फूलों के खिलने से खूबसूरत नजारा होना है। इसके अलावा पर्यटकों की भीड़ का कारण ठंडी के मौसम में तीन बड़े इवेंट का होना है। इस नवंबर के अंतिम सप्ताह से पूरे दिसंबर माहभर ट्विनसिटी के अलावा प्रदेश के अन्य स्कूलों से बच्चों की पिकनिक टीम यहां आती है। वार्षिक परीक्षा के पूर्व नौनिहालों को रिचार्ज करने स्कूल प्रबंधन मैत्रीबाग भ्रमण पर भेजता है। इसमें अलग अलग स्कूलों के हजारों बच्चे बसों में यहां भ्रमण के लिए आते हैं। इसके अलावा दिसंबर महीने के अंत यानी 31 दिसंबर को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए हजारों लोग जुटते हैं। करीबन 25 से तीस हजार पर्यटक यहां आते हैं। इसे देखते हुए मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा यहां सुविधाओं को अपडेट करने की तैयारी शुरु कर दी है। मैत्रीबाग के प्रभारी डां. एनके जैन बताते हैं कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए नलों, प्रसाधन और कैज की नियमित सफाई का खास ध्यान रखा जा रहा है, ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो।



### फ्लावर शो में 40 हजार सैलानी

मैत्रीबाग में नए साल पर होने वाला फ्लावर शो भी एक बड़ा इवेंट होता है। शो में भी तीस से चालीस हजार लोग प्रकृति क नजारा लेने आते हैं। फ्लावर शो फरवरी के पहले सप्ताह में होता है। लेकिन इसकी तैयारी महीनेभर पहले शुरु हो जाती है। यानी इस नवंबर माह के आखिर से साल के दो महीने तक मैत्रीबाग में भारी रौनक होती है। इससे मैत्रीबाग को लाखों की आय होती है और पर्यटकों का स्वस्थ मनोरंजन भी होता है। भीड़ को देखते हुए प्रबंधन व उद्यानिकी विभाग द्वारा मैत्रीबाग की साफ सफाई, पेंटिग और वन्य प्राणियो के केज आदि की सफाई कराई जा रही है।

## पायलट प्रोजेक्ट स्थापित करने बीएसपी व एंटिटी-वैल्यू इमिशंस प्रालि में हुआ समझौता

# बीएसपी फ्लू गैसों को वैल्यू ऐडेड उत्पादों में परिवर्तित करने के लिए बनेगा मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सर्वाधिक उत्पादन के रिकार्ड के बाद अब कार्बन (प्रदूषण) मुक्त फौलाद बनाने की दिशा में भी देश में मांडल बनने जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने पर्यावरणीय स्थिरता और डिकार्बोनाइजेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए एंटिटी 1 वैल्यू इमिशन्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ फ्लू गैसों और ग्रीनहाउस गैसों को वैल्यू ऐडेड उत्पादों में बदलने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एम्ओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं

उल्लेखनीय है कि दोनों के बीच इस साझेदारी का उद्देश्य एक पायलट प्रोजेक्ट स्थापित करना है, जो न केवल उत्सर्जन को कम करेगा बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से लाभकारी संसाधनों में भी बदल सकेगा, जो भारत के महत्वाकांक्षी सस्टेनेबिलिटी और ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों के अनुरूप होगा। यह परियोजना आरडीसीआईएस (रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील), रांची और ईएमडी कोलकाता द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जा रही है, जबकि अन्य सिस्टर्स यूनिट्स भी इसी तरह के परियोजनाओं पर कार्य कर रही हैं।समझौते पर हस्ताक्षर संयंत्र के ईडी राकेश कुमार के कार्यालय में किये गए। मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी), पीवीवीएस मूर्ति, ने इस एम्ओयू पर भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संयंत्र के सीजीएम तापस दासगुप्ता, तुलाराम बेहरा, कार्तिकेय बेहरा, टीके कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, राहुल श्रीवास्तव, उमा काटोच, और जीएम सी चंद्रशेखर शामिल थे। साथ ही संस्थापक और तकनीकी आविष्कारक (एंटिटी 1 वैल्यू इमिशन्स प्राइवेट लिमिटेड) कौशिक पलिचा, और एंटिटी 1 वैल्यू इमिशन्स प्राइवेट लिमिटेड के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ऊर्जा सुरक्षा और स्टेनेबिलिडी लक्ष्य में मिलेगी मदद



### फ्लू गैसों के उपचार के लिए स्थापित होगा रिएक्टर

इस पायलट परियोजना में 1 टन प्रति दिन (टीपीडी) क्षमता वाला रिएक्टर स्थापित किया जाएगा। इसे फ्लू गैसों के पूरे धारा का उपचार करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह रिएक्टर पारंपरिक कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियों से एक साहसिक कदम आगे बढ़ाते हुए उत्सर्जन के समग्र उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह रिएक्टर बीएसपी के परिसर में स्थापित किया जाएगा, जहां इसका प्रारंभिक परीक्षण किया जाएगा। यह देखा जा सके कि यह हानिकारक उत्सर्जन को वाणिज्यिक रूप से मूल्यवान उत्पादों में कैसे परिवर्तित करता है। यह प्रौद्योगिकी आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगी। यह न केवल उत्सर्जन को कम करेगी, बल्कि फ्लू गैसों से वैल्यू ऐडेड उत्पादों का निर्माण करके राजस्व भी उत्पन्न करेगी।

### साझा की तकनीकी जानकारी

समन्वयक व महाप्रबंधक (ईएमडी) अजय गाजघटे ने इस साझेदारी के महत्व और पायलट परियोजना के माध्यम से बीएसपी के डिकार्बोनाइजेशन प्रयासों को आगे बढ़ाने में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। संस्थापक और तकनीकी आविष्कारक (एंटिटी 1 वैल्यू इमिशन्स प्राइवेट लिमिटेड), कौशिक पलिचा ने समझौते पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान इस पायलट रिएक्टर की तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह रिएक्टर पारंपरिक कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियों से आगे बढ़कर पूरे फ्लू गैस धारा का उपचार करने का कार्य करेगा। जिससे उत्सर्जन को संसाधनों में बदला जा सकेगा। सीजीएम पीवीवीएस मूर्ति ने परियोजना के रोडमैप के बारे में आगे बढ़ने के लिए रणनीतियों की रुपरेखा प्रस्तुत किया।

# फैक्ट्री में घुसकर श्रमिकों पर लाठी-चाकू से हमला

## भिलाई तीन पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

फैक्ट्री भीतर प्रवेश कर श्रमिकों के साथ लाठी , चाकू से घुसकर प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने 6 युवक समेत अन्य के खिलाफ अपराध कायम किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी हथखोज स्थित शिवालिक इंजीनियरिंग लिमिटेड सुपरवाईजर ईश्वर रेडडी ने दिया। फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक कृष्णा महतो,चेतन गोप, शिवम गोप से अचानक लाठी, चाकू से मारपीट किया गया।

- 6 आरोपी समेत अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज
- हथखोज में स्थित है शिवालिक इंजीनियरिंग

मारपीट में हथखोज बस्ती निवासी मोह. जाबीर अली, मोह. दिलकश, मोह. लाडले, समीर , समीम, सलामू समेत अन्य लोग शामिल थे। इसके अलावा लेबर कैम्प में श्रमिक अर्धनग्न कर मारपीट भी किया। श्रमिक विरोध कर आवाज देने लगे त फैक्ट्री सुपरवाइजर मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी गाली गलौज कर चाकू व बेसबाल से मारपीट किया। मारपीट से सुपरवाइजर के बाएँ हाथ के तीन उंगलीयों, बॉए ऑख के नीचे समेत पैरों में चोंट आई है। इसके अलावा अमित त्यागी पैर, गर्दन के पीछे, पी सुब्बा राव के सिर में चोट आई है। ग्रीजेस कुमार सिंह, बी बाबू राव मारपीट में बीच बचाव किया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। जबकि पी सुब्बा राव को मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। श्रमिक कृष्णा, चेतन, शिवो गोप ने घटना को लेकर पुलिस को बताया कि कुछ दिनों से आरोपी जाबीर अली, दिलकश, लाडले, समीर , समीम , सलामू रोज गॉजा पीने और शराब पीने के नाम से रकम का डिमांड करते थे। रकम नहीं देने पर मारपीट और गाली गलौज करते है। श्रमिकों ने रुपए देने से इंकार करने पर हमला कर दिया।

# लावारिस वाहनों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान



**भिलाई।** राष्ट्रीय सुरक्षा अलर्ट के तहत दुर्ग ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिलेभर में लावारिस एवं संदिग्ध वाहनों के खिलाफ सतत जांच की गई। वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर खड़े कुल 65 लावारिस वाहनों को हटाकर थानों के हवाला किया गया। अभियान में बम डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, रिज़र्व पुलिस बल, ट्रैफिक विभाग की संयुक्त टीमें शक्ति ऐप से सूचनाओं एवं क्षेत्रीय निरीक्षण के आधार पर वाहनों की जांच कर आवश्यक जप्ती हटाने की कार्रवाई किया जा रहा है। वाहन मालिकों द्वारा स्वयं हटाए गई वाहन मुख्य मार्ग एवं सार्वजनिक स्थानों पर खड़े कुल 50 वाहनों को मालिकों द्वारा हटाया गया। ट्रैफिक पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई में चिन्हित संदिग्ध वाहनों को क्रेन की सहायता से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग से शहर के आंतरिक मार्गों तक कार्रवाई जारी है।

# साधु संतों पर अभद्र टिप्पणी अपराध दर्ज करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हिंदु समाज के साधु संतों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले चेतन चंदेल उर्फ चेतन छत्तीसगढ़िया के खिलाफ अपराध कायम करने को लेकर करणी सेना के कार्यकर्ता छावनी थाना पहुंचे। करणी सेना युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ छावनी थाना में विरोध दर्ज कराया। चेतन चंदेल के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया है कि रविवार को शारदा पारा कैम्प 2 निवासी चेतन चंदेल नामक युवक ने सोशल मीडिया में लाइव आकर छत्तीसगढ़ व बाहर से आने वाले साधु संतों को पैसा खाने वाले बाबा और भगवाधारी रावण का रूप बताया है। इस अभद्र टिप्पणी से हिंदुओं के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम चेतन ने किया है। चेतन छत्तीसगढ़िया के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। इस दौरान प्रदेश युवा विंग करणी सेना उपाध्यक्ष मान्वेन्द्र सिंह मंगल, अभिषेक सिंह, छोटेलाल चौधरी, प्रदीप सिंह, दिलीप चौधरी, ज्ञान मिश्रा, अरविंद सिंह, धनंजय सिंह, कमल रणदीप, मुकेश सोनकर, मनोज निषाद, अनुराग, सूरज गुप्ता मौजूद थे।

# रिटेंशन स्कीम बंद करने पर होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक की कार्यकारिणी की बैठक में रिटेंशन स्कीम को रोके जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। यहां मांग की गई कि पहले प्रबंधन अपने क्वार्टर को अवैध कब्जे से मुक्त कराये और थर्ड पार्टी एलॉटमेंट पर अंकुश लगाए। साथ ही टीए बिल्डिंग में बिजली बिल जमा करने के लिए एक और काउंटर खोला जाए। सचिव ताम्र ध्वज सिन्हा ने कहा कि टाउनशिप प्रबंधन ने रिटेंशन पर क्वार्टर देना बंद कर रहा है। रिटेंशनधारियों से प्रबंधन क्वार्टर खाली कराना चाहता है । यदि प्रबंधन को बीएसपी के बड़े क्वार्टरों की इतनी ही चिंता है तो सबसे पहले बीएसपी क्वार्टरों पर अवैध कब्जा कर लिए लोगों से क्वार्टर खाली कराये। साथ ही थर्ड पार्टी अलॉटमेंट में दिए गए उन क्वार्टरों को खाली कराया जाए, जिसमे लंबे समय से एलाटी निवास नहीं कर रहे हैं। उपाध्यक्ष गिरिराज देशमुख ने कहा कि प्रबंधन 35 वर्ष सेवा कर चुके बीएसपी कर्मचारियों को क्वार्टर रिटेंशन पर देने पर रोक लगाना चाहता है लेकिन थर्ड पार्टी अलॉटमेंट के लिए कोई बैरियर नहीं है। राज्य या केंद्र सरकार के बड़े अधिकारी से छोटे कर्मचारी एवं प्राइवेट संस्थानों के कर्मचारी टाउनशिप के बड़े-बड़े क्वार्टर को अलर्ट कराकर लंबे समय से रखे हुए हैं। टाउनशिप में बैठे कुछ बड़े अधिकारी राज्य शासन के अधिकारियों के लिए क्वार्टर खाली कराते हैं । नगर सेवाएं विभाग में बैठे हुए कुछ अधिकारी सिर्फ राज्य शासन के अधिकारियों का ख्याल रखने के लिए ही वहां पर हैं । ऐसे ही अधिकारी उच्च प्रबंधन को गुमराह कर रिटेंशन स्कीम को बंद कराने का षड्यंत्र कर रहे हैं। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि उपाध्यक्ष गिरिराज देशमुख सहायक कोषाध्यक्ष जी आर सुमन आदि उपस्थित थे ।

- इंटक ने कहा पहले प्रबंधन खाली कराए कब्जे



### बिजली बिल के लिए हो एक और काउंटर

बैठक में नगर सेवाएं विभाग में बिजली बिल जमा करने के लिए एक और काउंटर खोले जाने की मांग की गई। सचिव गोविंद राठौड़ ने कहा कि बिल जमा करने के लिए लंबी लाइन लगने से कर्मचारियों को परेशानी होती है। एक और काउंटर होने से बिल जमा करने में परेशानी कम होगी।

### क्वार्टर अलाटमेंट की प्रक्रिया को किया गया जटिल : इंटक

महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि टाउनशिप और यहां के क्वार्टर अलॉटमेंट की प्रक्रिया कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए बनाई गई थी, लेकिन टाउनशिप में बैठे कुछ अधिकारियों ने शीर्ष प्रबंधन को इस तरह गुमराह किया कि वे धीरे-धीरे क्वार्टर अलॉटमेंट की प्रक्रिया जटिल करते गए। अब तो प्रबंधन ने 35- 40 वर्षों तक भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा करने वाले कर्मचारियों को रिटेंशन पर क्वार्टर देना भी बंद कर दिया है। भिलाई प्रबंधन धीरे-धीरे टाउनशिप एवं अस्पताल में कर्मचारी विरोधी नीति अपनाते जा रहा है।

# साइकिल पोलो में महिला टीम फाइनल, पुरुष टीम सेमीफाइनल में



**भिलाई।** 19वीं पुरुष एवं 15वीं महिला फेडरेशन कप साइकिल पोलो प्रतियोगिता की शुरुआत हो चुकी है। प्रतियोगिता के फाइनल में महिला टीम पहुंच चुकी है।

वहीं पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार एवं एवं बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने बताया कि 18 नवंबर तक जोधपुर के महाराजा गज सिंह पोलो मैदान में 19वीं पुरुष एवं 15वीं महिला फेडरेशन कप साइकिल पोलो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की दोनों पुरुष एवं महिला टीमों ने शानदार शुरुआत की। छत्तीसगढ़ की महिला टीम जो विगत 15 वर्षों से लगातार चैंपियन रही है। पहले दिन अपने प्रथम लीग मैच में आंध्र प्रदेशको 16कें मुकाबले शून्य गोलों से एक तरफा पराजित किया। आंध्र प्रदेश अंत तक एक भी गोल नहीं दाग सकी। अगले लीग मैच में दिल्ली को 9 के मुकाबले शून्य से पराजित किया। तथा अपने सेमी फाइनल मैच में केरल को 30 के मुकाबले शून्य गोल से पराजित कर फाइनल में पहुंची। पुरुषों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश को 11 के मुकाबले 8 गोलों से पराजित कर अपना दबदबा कायम रखा। अगले लीग मैच में मुकाबला टेरिटोरियल आर्मी से हुआ। जिसमें कड़े मुकाबले में 11 के मुकाबले में 9 गोल बनाकर दो गोलों से परास्त होकर संतुष्ट होना पड़ा। उसके बाद अगले लीग मैच में केरल से मुकाबला हुआ छत्तीसगढ़ टीम 13 गालों से विजयी होकर सेमीफाइनल पहुंची। उसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने एक तरफ़ा 15 गोल दागे। केरल मात्र दो गोल ही बना पाई । आयोजित हो रही इस फेडरेशन कप प्रतियोगिता में भारतवर्ष की शीर्ष 8 पुरुष एवं 8 महिला टीम भाग लें रहीं है।

## पेज 11 के शेष

### परीक्षा केंद्र निरस्त ...

व्यवस्था बनाई जाए। परीक्षार्थियों की सुरक्षा, आर्थिक भार और परिवहन व्यवस्था को देखते हुए बेमेतरा को केंद्र में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण ...

अनिवार्य रूप से फोटो और वीडियो के रूप में निर्धारित गूगल ड्राइव लिंक पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक जिले की निर्वाचन टीम को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली प्रत्येक गतिविधि — जैसे जागरूकता रैली, स्कूल–कॉलेजों में शिविर, घर-घर सत्यापन कार्य, तथा बीएलओ गतिविधियों — का दृश्य दस्तावेज समय पर अपलोड करें। राज्य कार्यालय इन सभी सामग्रियों की प्रतिदिन समीक्षा कर उन्हें भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भेज रहा है। किसी भी जिले द्वारा कोताही बरतने या फोटो–वीडियो अपलोड में लापरवाही मिलने पर अभियान की निगरानी और प्रगति दोनों प्रभावित हो सकती हैं, इसलिए जनसम्पर्क एवं निर्वाचन अधिकारियों को सतर्क रहते हुए समय पर अपडेट देने के निर्देश दिए गए हैं।

### धान खरीदी सर्वोच्च ...

उपार्जन केंद्रों में व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित हो। किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, त्वरित और व्यवस्थित रूप से संचालित की जाए। कलेक्टर ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अव्यवस्था या लापरवाही बिल्कुल भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी धान खरीदी में शिथिलता बरतता है तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि समिति स्तर पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर तुरंत जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग को मिली हिदायत – "मानवीय संवेदना के साथ करें मरीजों की सेवा" कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाएँ जनता की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा मरीजों की देखभाल सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील व्यवहार के साथ करें। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित हो। चिकित्सक निर्धारित समय पर अपने सेवा केंद्रों पर उपस्थित रहें और आपातकालीन स्थितियों में तत्परता बनाए रखें। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सीधे आम जनता को प्रभावित करती है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

### नवागढ़ में गठित ...

ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंच ने स्पष्ट आरोप लगाया कि यह विवाद किसी वास्तविक टकराव का परिणाम नहीं, बल्कि कुछ प्रभावशाली तत्वों द्वारा चलाए गए गुमराह अभियान का नतीजा है। मंच का कहना है कि नवागढ़ में यह विवाद प्राकृतिक नहीं। इसे रचा गया है, और इसके पीछे एक सुनियोजित लाभ–समीकरण छिपा है। मंच के सदस्यों के अनुसार, शुरुआती स्तर पर सरपंच और पत्रकारों के बीच कोई वास्तविक मतभेद नहीं था। लेकिन धीरे-धीरे ऐसी सूचनाएँ फैलाई गईं जिनसे दोनों पक्षों के बीच अविश्वास की खाई बनती गई। कई सदस्यों ने कहा कि सरपंचों को आधी–अधूरी जानकारी दी गई, और पत्रकारों के खिलाफ लाकर खड़ा कर दिया गया। मंच का दावा है कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे के विरुद्ध उकसाने का प्रयास किया गया, और जब स्थिति भड़क उठी, तब कुछ तत्वों ने इसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश की।

**जन–प्रतिनिधियों और समाजसेवियों की प्रतिक्रियाएंः** विकास धर दीवान (नवागढ़) ने कहा कि सरपंच और पत्रकार दोनों जनता के हित के प्रहरी हैं। इनके बीच तनाव पैदा होना ही सबसे बड़ी असामान्यता है। किसी ने सुनियोजित तरीके से गलत जानकारी एवं गुमराह कर माहौल खराब किया। हमें इस साजिश की पहचान करनी होगी। सुरेन्द्र तिवारी (दाढ़ी) ने कहा कि विवाद की कोई जमीन ही नहीं थी। इसे जमीन दी गई। माहौल बनाकर ऐसा दिखाया गया मानो कोई बड़ा संघर्ष चल रहा हो। सरपंचों के मन में भ्रम फैलाया गया है। प्रशासन को इसकी तह तक जाना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा कि नवागढ़ क्षेत्र में पिछले दिनों से राजनीतिक रसूख का गलत इस्तेमाल बढ़ गया है। असर आमजन और जनप्रतिनिधियों पर प्रताड़ना के रूप में दिख रहा है। यह विवाद भी उसी दबाव तंत्र का हिस्सा है। जब तक गलत सूचना और राजनीतिक हस्तक्षेप पर रोक नहीं लगेगी, तब तक ऐसे विवाद पैदा किए जाते रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने कहा कि क्षेत्र के कई जिम्मेदार अधिकारी राजनीतिक दबाव में काम कर रहे हैं। सच बोलने वालों और सक्रिय जनप्रतिनिधियों पर अनावश्यक कार्रवाई की कोशिश होती है। गलत को संरक्षण मिलना ही इस विवाद की जड़ है। प्रशासनिक दुरुपयोग की जांच आवश्यक है।

**मंच में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिलः** ज्ञापन सौंपते समय विकास धर दीवान, सुरेन्द्र तिवारी, नरेंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय, जावेद खान, अजय तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान, शक्तिधर दीवान, रितेश शर्मा, सतीश मार्कण्डेय, चंद्रपाल साहू, अमित जैन, मिंटू बिसेन, विजय यादव, ईश्वर सिंह लोधी, माधो राजपूत, सुदीप शर्मा, गुरमुख भार्गव, सुरेश निषाद, मोहन चेलक, मोती साहू सहिसंख्या में सदस्य मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## नशामुक्ति का संकल्प

**जालबांधा।** स्थानीय कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा छात्रों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके पश्चात प्राध्यापक संजय देवांगन ने नशा मुक्त भारत अभियान के की महत्व एवं सरकारी प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी, प्राध्यापक तथा कर्मचारियों ने नशामुक्त भारत बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ नवीन राजपूत, रितेश बंजारे, रवि चतुर्वेदी, पूजा देवांगन, डॉ साधना देवांगन, मासूम वर्मा, नेमू साहू, शिवम वैष्णव, वासु दुबे, अश्विन गौतम, अंजलि एवं नेलम दीवान उपस्थित थे।

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में 18 नवंबर को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू, सरपंच ललिता साहू, उपसरपंच नागेश धनकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू तथा जनभागीदारी सदस्य भैयालाल साहू शामिल हुए। प्राचार्य ने शपथ दिलाते हुए कहा कि युवाओं में राष्ट्र शक्ति निहित है जिसे नशा मुक्त करना हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति की शुरूआत स्वयं से होना चाहिए। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ.संजूसिंह, डॉ.काव्या जैन, डॉ. हेमलता विरदी, कंचन साहू, हरवंश चौरगे, ओमप्रकाश सहारे, हिमानी साहू, योगिता ठाकुर, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार,ज्ञानेश्वर प्रसाद देवांगन, कामेश देवांगन आदि उपस्थित थे।

## बुढ़ानछापर में मनाया बचपन उत्सव दिवस

**टाटेकसा।** बाल दिवस के अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल तथा शिखर युवा मंच के तत्वावधान में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुढ़ानछापर में बचपन उत्सव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व से की गई।पं. जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम, उनके योगदान तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने समूह गीत, नृत्य, कविता वाचन, चित्रकला, स्लोगन लेखन, खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## बाल मेला का हुआ शानदार आयोजन

**खड़गांव।** न्यू ग्रीन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल खडगाँव में बाल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन और कर्मचारियों के सहयोग से बच्चों ने उत्कृष्ट नृत्य, नाटक, भाषण और अंग्रेजी वक्तव्य का शानदार प्रदर्शन किया। बाल मेला में छात्रों ने फ़ूड स्टॉल लगाकर स्वयं द्वारा बनाए गए विभिन्न व्यंजनों को बेचा। कार्यक्रम में छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

## शिविर में 179 हुए लाभान्वित

**टाटेकसा।** ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए खैरबाना में गत दिनों एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य, अस्थि रोग एवं जनरल जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच सुखचंद कंवर, सचिव भूपेश साहू, मायाराम निर्मलकर, तोरण जमुलकर, बंशीराम कंवर, अंजनी कंवर, गीतन कंवर, रानी विश्वकर्मा, दिलीप ताम्रकार, पुष्पा ताम्रकार, संतराम ने दीप प्रज्जवलित कर किया। स्कूल की बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अनीता मंडावी शामिल हुई।

### कार्यक्रम: सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने दिलाई शपथ

# जिला चिकित्सालय बेमेतरा में हुआ नशा मुक्त भारत अभियान में जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला चिकित्सालय में गैर संचारी रोग ( एन सी डी) तहत विभिन्न प्रकार के मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम,मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम,नशा मुक्ति केंद्र का संचालन किया जा रहा है नशा मुक्ति हेतु और भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं जिनका लाभ तम्बाकू उत्पाद के साथ किसी भी प्रकार के नशा मुक्ति हेतु लिया जा सकता है साथ में टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर पर भी संपर्क कर निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं जो कि पूर्णतः गोपनीय होती हैं।

नशा मुक्त भारत अभियान तहत जिला चिकित्सालय बेमेतरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ जिला चिकित्सालय में उपस्थित आम जन को सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू द्वारा नशे से दूर रहने एवं अपने आसपास के लोगो को नशे से दूर रहने की सपथ भी दिलाई गयी ।जिला चिकित्सालय मे संचालित एन सी डी विंग जीसके अनर्गत विभिन्न कार्यक्रम संचालित होते हैं,जिसमें मुख स्वास्थ्य विभाग इसमें डॉ विजया रमन दांत चिकित्सक द्वारा मुख स्वास्थ्य की जानकारी एवं जाँच की जाती है और उपचार किया जाता हे साथ ही मुखकैंसर की मुफ्त मे जाँच की जाती है एवं तम्बाकू और नशा से दूर रहने की सलाह दी जाति है,। एन-सी डी नोडल डॉ भेखराम साहू द्वारा उचित परामर्श और निदान प्रदान किया जाता है,वही डॉ प्रतिक शर्मा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी द्वारा भी लोगो को उचित परामर्श एवं निदान हेतु जानकारी प्रदान किया जाता है, जिला चिकित्सालय में स्थापित नशा मुक्ति केंद्र में एन सी डी परामर्शदाता गोविंद सिंह बघेल द्वारा 2018 से नशा मुक्ति हेतु परामर्श दिया जा रहा हे जिसके अनतर्गत इस वर्ष मे लगभग 900 हितग्राहियों जो नशा से मुक्ति चाहने वाले लोगो को परामर्श प्रदान किया जा चुका है,जिसमे लगभग 40 लोगो का नशामुक्ति हेतु जिला चिकित्सालय मे संचालित मानसिक रोग विभाग मे नशा मुक्ति हेतु दवाई प्रदान किया जा चुका हे ,ज्ञात हो की जिला चिकित्सालय बेमेतरा मे मानसिक रोगी विभाग संचालित किया जाता है जो की गैर संचारी रोग (एन सी डी)का ही एक शाखा है,जिसके अंतर्गत मान्सिक रोगियों के साथ साथ विभाग मे नशा मुक्ति केंद्र भी संचालित किया जाता है, जिसमें तम्बाकू एवं नशे को दूर करने हेतु दवाइयों द्वारा उपचार किया जाता हे , इसमें मुख्य रूप से नरेन्द्र कुमार वर्मा क्लिनिकल साईंकोलोजिस्ट द्वारा नशमुक्ति हेतु उचित परामर्श प्रदान किया जाता है,एवं डॉ सुचिता गोयल मनोरोग विशेषज्ञ (रायपुर)द्वारा नशमुक्ति हेतु परामर्श एवं निदान प्रदान किया जाता है, इसके साथ टेलीमानस हेल्पलाइन नम्बर पर गोपिका जायसवाल एवं प्रीति जंघेल द्वारा नशमुक्ति के साथ नशमुक्ति से होने वाली तनाव अनिद्रा चिड़चिड़ाहट इत्यादि के लिए परामर्श प्रदान किया जाता है।



### जिले को नशा मुक्त बनाना है उद्देश्य

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेमेतरा जिले को नशा मुक्त बनाना और लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है। बेमेतरा जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जैसे कि जागरूकता कार्यक्रम, नशा मुक्ति केंद्रों पर परामर्शदाता द्वारा निःशुल्क जांच, ईलाज एवं सलाह, और युवाओं को नशे के खिलाफ प्रेरित करने के लिए विशेष कार्यक्रम। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता में मनमोहन को मिला तीसरा स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर की ओर से 12 से 15 नवंबर तक जसपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेले में न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, नवागढ़ के छात्र मनमोहन निर्मलकर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मनमोहन ने पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर नवागढ़ क्षेत्र और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने अपने नवाचारी विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मनमोहन द्वारा प्रस्तुत मॉडल सबसे आकर्षक और प्रभावशाली साबित हुआ। उनके शिक्षक कामेश्वर रजक की सहायता से तैयार किए गए इस मॉडल ने निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। विद्यालय के डायरेक्टर गजपाल सिंह खुराना एवं प्रिंसिपल मनिंदर कौर खुराना ने मनमोहन और सहयोगी शिक्षक को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर की आगामी विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

# असाक्षरों को साक्षर बनाने की तैयारी तेज स्वंयसेवी शिक्षकों का जोन स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत स्वंयसेवी शिक्षकों का जोन स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें सात दिसंबर को होने वाले उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक आकलन परीक्षा का आयोजन होगा, जिसमें असाक्षरों को परीक्षा में शामिल करने व उन्हें नियमित कक्षाएं लेकर प्रारंभिक भाषा और संख्यात्मक ज्ञान कराने ज़ोन स्तर पर स्वयं सेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ।

जोन स्तरीय मास्टर ट्रेनर नुतेश्वर चंद्राकर व खिलावन मिर्चण्डेय द्वारा उल्लास एंव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सभी के लिए शिक्षा की जानकारी विस्तार के साथ दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि असाक्षरों को बुनियादी भाषा, संख्या ज्ञान कराके आगामी परीक्षाओं के लिए पारंगत बनाएंगे।

साथ ही प्रशिक्षण की विभिन्न बारीकियां, किस प्रकार से हमें जमीनी स्तर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को सम्पादित करना है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। उपरोक्त कार्यक्रम में फूलमती नेताम संकुल प्राचार्य, हिरऊ ध्रुव प्राचार्य तिलाइकुडा, खेवेंद्र ठाकुर व डोमेन्द्र पांडेय जोन प्रभारी सहित संकुल समन्वयके के रूप में आकाश सोनी, चैतराम सेन, नीलेश सोनी उपस्थित रहे।

# धान खरीदी को लेकर सरकार गंभीर नहीं: आशीष छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बीजाभाठ केंद्र पर औचक निरीक्षण में अव्यवस्था देखकर जताई नाराजगी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया है कि धान खरीदी को लेकर भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार गंभीर नहीं है ।

जिला मुख्यालय के समीप बीजाभाठ धान खरीदी केंद्र तथा अन्य केंद्रो में औचक निरीक्षण पर पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने वहां की फैली हुई अवस्था देखकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसान परेशान है और सरकार को किसानों ने की कोई परवाह नहीं है यही कारण है कि सोसाइटी में कार्यरत कर्मचारी हड़ताल पर हैं और सरकार धान खरीदी पटवारी के भरोसे करने जा रही है पहले से ही पटवारी अपने ऊपर अलग-अलग दायित्वों से परेशान है। निर्वाचन आयोग के विशेष गहन निरीक्षण कार्यों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है ऐसे में वे अपना समय सहकारी समितियां में कैसे दे पाएंगे और धान की खरीदी सुचारू रूप से किस तरह हो सकेगी पूरी धान खरीदी भगवान भरोसे छोड़ दी गई है एक ओर किसान जहां अल्प वर्षा तथा खाद की कमी और बिजली गुल की समस्याओं को जूझते हुए बड़े मुश्किल से धान का उत्पादन कर सका है ऊपर से खड़ी फसल पर चक्रवाती मोन्था तूफान से हुए नुकसान को सहते हुए आज अपनी उपज लेकर धान खरीदी केन्द्र तक पहुंचा है और यहां कर्मचारी ही नहीं है ऐसी स्थिति लगभग पूरे जिले की है किसान अपनी शिकायत हम लोगों को बता रहे जिस आज वास्तविक स्थिति को करीब से समझने के लिए यह औचक निरीक्षण किया गया जिसमें किसानों के द्वारा बताई गई समस्या सही मिली धान खरीदी केदो में पूरी तरह से अवस्था फैली हुई है कोई भी जवाबदार अधिकारी धान खरीदी केदो में नहीं है ऐसे में किस किसके समक्ष जाएं और किस अपनी समस्याएं बताईं इससे जाहिर है कि भाजपा सरकार किसानों के धान खरीदी के लिए गंभीर नहीं है भाजपा सरकार किसानों के धान खरीदी करने के मूड में नहीं है अपनी जिम्मेदारियां से विष्णुदेव साय कि भाजपा सरकार पीछे हट रही है ।

## सोसायटियों में बढ़ी धान की आवक

**खुज्जी।** कर्मचारियों की हड़ताल के बाद विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने सेवा सहकारी समितियों का कामकाज संभाल लिया है। समितियों में अधिकारियों की तैनाती के बाद धान की आवक बढ़ने लगी है। कई केंद्रों में समिति अध्यक्षों की मौजूदगी में धान खरीदी सुचारु रूप से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार स्थानीय सेवा सहकारी समिति में 18 नवंबर से खरीदी प्रारंभ हुई। पहले दिन 26.8 क्विंटल धान की खरीदी की गई। खरीदी की शुरुआत समिति अध्यक्ष तखतराम सोनकर की उपस्थिति में केंद्र प्रभारी अभिषेक गुप्ता ने की। किसान हेमंत साहू, कमल नारायण साहू, कृपा राम और गंगाराम सोनकर ने पहले दिन अपना धान बेचा। इसी प्रकार गिदर्री समिति में अध्यक्ष हृदयराम चंद्रवंशी एवं पटवारी हरिचंद ठाकुर के संचालन में 27 क्विंटल धान खरीदा गया।

### जयंती समारोह में महाराज सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना

# महापौर ने भवन निर्माण की पहल करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

हैहैयवंशी कसेर समाज ने श्रद्धा और उल्लास के साथ महाराज सहस्त्रबाहु की जयंती मनाया। समाज के वरिष्ठों, महिलाओं, युवाओं तथा बच्चों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि अंबागढ़ चौकी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या ताम्रकार, नगर निगम सभापति वर्षा शरद सिन्हा, हैहैयवंशी कसेर समाज के अध्यक्ष लेनिन कसार, सचिव नीलेश हरिहारनो, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो ने महाराज सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर तस्वीर पर माल्यार्पण किया। शुभारंभ के बाद पदाधिकारियों ने महाराज सहस्त्रार्जुन के शौर्य, त्याग, न्यायप्रियता तथा समाज उत्थान के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि महाराज सहस्त्रबाहु भारतीय संस्कृति के महान क्षत्रिय प्रतापी राजा थे, जो सदैव धर्म और सत्य के मार्ग पर चले। महिला मंडल के कार्यक्रमों में सहयोग हेतु 2 नए पद सृजित करते हुए बहु मंडल में अध्यक्ष विनीता हरिहारनो एवं युवा मंडल अध्यक्ष उज्जवल कसेर को सर्व सम्मति से चुना गया। अंत में दिवंगत ईश्वरी प्रसाद हरिहरनो को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। सामूहिक प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




# तकनीकी कारणों से नहीं कटे ऑनलाइन टोकन

## प्रशासन का दावा - किए गए हैं पुख्ता इंतजाम, नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सर्वर डाउन, टोकन तुहर हाथ मोबाइल एप में आ रही समस्या
- तकनीकी खामी से 1.57 लाख से अधिक किसान प्रभावित

समर्थन मूल्य पर धानखरीदी शुरू हुए हैं, लेकिन जिले के अन्नदाताओं के लिए यह उत्सव फिलहाल चिंता का कारण बन गया है। टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप और ऑनलाइन सर्वर के माध्यम से टोकन जारी करने की व्यवस्था तकनीकी खामियों के कारण किसानों की मुसीबत बन गई है। वहीं दूसरी ओर कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों ने दावा किया है कि धान खरीदी के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और टोकन या रजिस्ट्रेशन से जुड़ी किसी भी किसान को समस्या नहीं होगी। शुरुआती दिन में कुछ केंद्रों पर टोकन काटे जाने की सूचना भी दी गई।

सर्वर की धीमी गति और बार बार सर्वर डाउन होने से किसान टोकन नहीं कटवा पा रहे हैं, जिससे उनकी धान बिक्री की प्रक्रिया अधर में लटक गई है। टोकन कटवाने के लिए बार-बार चॉइस सेंटर तक आने-जाने में किसानों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। खेतों से कटी हुई धान की फसल को खुले में रखने पर बेमौसम या नमी से खराब होने का खतरा बना रहता है। जिले के 102 समितियों के अंतर्गत 1129 खरीदी केंद्रों में पंजीकृत 1 लाख 57 हजार से अधिक किसान इस समस्या से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। धान खरीदी के इस महत्वपूर्ण समय में ऑनलाइन टोकन सर्वर में आ रही बाधा जिले के किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। कई किसान चॉइस सेंटरों के चक्कर काट रहे हैं। इस तकनीकी खराबी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### टोकन के लिए भटक रहे किसान

किसानों का टोकन न कट पाने के कारण किसानों में निराशा देखी जा सकती हैं। टोकन कटने के बाद ही किसान अपनी उपज लेकर केंद्र पहुंच पाते हैं। सर्वर की लगातार समस्या से धान खरीदी का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। कई किसान सुबह से टोकन कटाने के लिए लग जाते हैं। इस उम्मीद में कि टोकन कट जाएगा, लेकिन घंटों इंतजार के बाद उन्हें निराशा ही हाथ लगती है।

### तकनीकी अड़चन, कहीं रोक न दे धान खरीदी की राह

किसानों को धान बेचने के लिए टोकन की आवश्यकता होती है, जो अब पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम से ही जारी किए जा रहे हैं। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक किसानों को अपने रकबे के अनुसार ऑनलाइन टोकन जनरेट करने की सुविधा दी गई है. लेकिन जैसे ही किसान टोकन काटने का प्रयास करते हैं, सर्वर या तो बहुत धीमी गति से काम करता है या फिर पूरी तरह से ठप हो जाता है।

### बच्चों में हुनर की कोई कमी नहीं रहती, जरूरत है उन्हें अवसर देने की

# बोरतरा स्कूल में हुआ आनंद मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतरा विकासखंड साजा में आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के सभी बच्चों ने ग्रुप में अपना अपना स्टाल लगाये। विद्यालय के प्राचार्य आर जे देशलहरे ने कहा कि- /"यह आयोजन सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा के निर्देशन में एवं प्रेरणा से कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने ग्रुप में कार्य तीव्रता एवं तत्परता से स्वयं करने की जिज्ञासा से अपनी व्यवस्था कर खाने पीने की ग्रुप में कुल 12 स्टॉल लगाएं थे।

आनंद मेला में स्टाल में लगे खान-पान की सामग्रियों के अलावा बच्चों के कार्य व्यवहार में, करके सीखने की हुनर, ललक एवं बच्चों में प्रसन्नता दिखाई दे रहा था। इस प्रकार से कक्षागत गतिविधि के अलावा करके सीखने की नया गतिविधि में सभी बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं क्षमता को समूह में कार्य कर जाना।

संस्था के व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा ने कहा कि - /"बच्चों में हुनर की कमी नहीं है, कमी है तो बस करके सीखने माहौल की, नवीन निर्मित परिस्थितियों की आवश्यकता है विद्यालय में।/" आनन्द मेला में प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सभी छोटे बच्चों ने एवं सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने सभी स्टालों में खाने-पीने की विभिन्न समानों को खरीकर स्वाद चखा एवं अपनी भूख शांत किया। जो बच्चों के हुनर ने सभी का मन स्वाद से तृप्त कर दिया। आनन्द मेला में सबको आनंदित कर दिया।बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से काफी आर्थिक आमदनी दो गुनी - तिगुनी प्राप्त किया।



### प्रथम तीन को प्राचार्य ने किया पुरस्कृत

अंत में सभी स्टाल का मूल्यांकन स्वाद, आर्थिक लगत, स्वयं की व्यवस्था, स्टाल की सुंदरता, सहभागिता के आधार पर किया गया। जिसका नम्बर स्कोर ज्यादा मिला उसके आधार पर नगद रूप में प्रथम 500, द्वितीय 300और तृतीय 200 रुपए स्थान प्राप्त करने वाले को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा आनंद मेला में सम्मिलित बच्चों के इस रचनात्मक प्रतिभा एवं लगन, मेहनत, गुणवत्ता पूर्ण कार्य को देखकर चखकर सराहा एवं प्रशंसा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

